# 128479 - वह अपने छोटे बेटे को घर पर अकेला छोड़ गया और उसपर चूल्हा पलटने से उसकी मृत्यु हो गई

## प्रश्न

मेरा एक पाँच साल का बच्चा था। एक दिन वह और उसकी माँ हमारे पड़ोसी के घर पर थे। फिर उसकी माँ ने उसे मेरे साथ घर पर छोड़ दिया। फिर मैं अपने काम के लिए निकला और मैंने जाकर उसकी माँ को बताया कि वह घर पर है। इस बीच वह कुछ रोटी लेने के लिए चूल्हे के पास गया और चूल्हा उसके ऊपर पलट गया और उसकी मौत हो गई। क्या मेरे ऊपर कोई कफ़्फ़ारा (प्रायश्चित) जैसे रोज़ा रखना या कोई और चीज़ अनिवार्य है, या उसकी माँ पर कोई प्रायश्चित है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“हमें उम्मीद है कि आप दोनों पर कोई चीज़ अनिवार्य नहीं है (और आपको कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है); क्योंकि यह एक सामान्य बात है, जो लोगों के साथ हो जाती है और इसे लापरवाही नहीं कहा जाएगा। ऐसे ही खजूर के पेड़ (बाग़) वालों और खेती करने वालों के साथ होता है। वे बच्चे को छोड़ देते हैं और वह रहट या तालाब के पास जाता है और उसमें तैरता है और वह उसके कारण मर जाता है। ये सामान्य चीजें हैं और इनके प्रति कोई उपाय नहीं है। इन शा अल्लाह (अल्लाह की इच्छा से) यह माफ हो जाएगा।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फ़तावा इब्ने बाज़” (22/369)।